# 1. “किताबों की दुनिया” क्या है?

किताबों की दुनिया एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों, फ़ैसिलिटेटर्स और संस्थाओं की क्षमता को मजबूत करने के लिए बनाया गया है, ताकि वे बच्चों को किताबों से बेहतर तरीके से जोड़ सकें। यह कार्यक्रम रीडिंग कीड़ा लाइब्रेरी द्वारा संचालित किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कमी को संबोधित करता है: आज भी साक्षरता (literacy) पर ज़ोर दिया जाता है, लेकिन आनंद के लिए पढ़ना (reading for pleasure) अक्सर नज़रअंदाज़ हो जाता है - खासतौर पर वंचित समुदायों के बच्चों में।

यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को पढ़ने को केवल एक कौशल के रूप में देखने से आगे बढ़ाकर बच्चों के लिए अर्थपूर्ण, आनंददायक और निरंतर पढ़ने की संस्कृति विकसित करने पर काम करता है।

कार्यक्रम का फोकस है:

- बच्चों को सिर्फ सीखने वाले नहीं, बल्कि पाठक के रूप में समझना
- पढ़ने को रोचक और अर्थपूर्ण अनुभव बनाना
- ऐसे पुस्तकालय बनाना जो बच्चों के लिए जीवंत जगह हों, न कि सिर्फ किताब रखने की जगह
- अभ्यास और सीख के ज़रिए फ़ैसिलिटेटर्स की समझ और काम को मजबूत करना

सरल शब्दों में:
करते हुए सीखना, कोशिश करना, समझना और धीरे-धीरे बेहतर होना।

---

# 2. यह कार्यक्रम क्यों?

कई जगहों पर अब किताबें तो उपलब्ध हैं, लेकिन बच्चों का उनसे जुड़ाव उतना गहरा नहीं है। कई जगहों पर अभी भी बच्चों के पास किताबें नहीं पोहची है।

कुछ आम चुनौतियाँ:

- पुस्तकालय सिर्फ किताब रखने की जगह बनकर रह जाते हैं
- “अच्छी” बच्चों की किताब क्या होती है, इसकी सीमित समझ
- पढ़ने के सत्र उबाऊ या सिर्फ पढ़ाने तक सीमित रह जाते हैं
- निरंतर जुड़ाव और फॉलो-अप की कमी

किताबें बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं—वे उनकी कल्पना, भाषा, पहचान और सोचने की क्षमता को आकार देती हैं।

किताबों की दुनिया इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों में आनंद के लिए पढ़ने की आदत विकसित करने पर काम करता है।

---

Reading Keeda Library

## 3. यह कार्यक्रम किसके लिए है?

यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए है जो:

- वंचित बच्चों के साथ काम कर रहे हैं
- या इस दिशा में गंभीरता से काम शुरू करना चाहते हैं

उपयुक्त प्रतिभागी:

- शिक्षक, फ़ेलो और शिक्षण से जुड़े लोग
- पुस्तकालय फ़ैसिलिटेटर और समन्वयक
- समुदाय के साथ काम करने वाले फ़ैसिलिटेटर
- वे व्यक्ति जो बच्चों के पुस्तकालय शुरू करना या उस काम को मजबूत करना चाहते हैं

### योग्यता और प्रतिबद्धता:

- वंचित बच्चों के साथ नियमित जुड़ाव (या स्पष्ट योजना)
- पूरे कार्यक्रम में भाग लेने की प्रतिबद्धता
- अपने काम को लागू करने, समझने और आवश्यकता अनुसार बदलने की इच्छा

---

### भागीदारी दिशानिर्देश:

- प्रत्येक संस्था कम से कम 2 और अधिकतम 4 प्रतिभागियों को नामांकित कर सकती है।
- आवेदन में नामांकित प्रतिभागी ही अंतिम प्रतिभागी होंगे; उन्हें सभी वर्कशॉप्स और सपोर्ट कॉल्स में भाग लेना होगा। आवेदन के बाद कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।
- सभी नामांकित प्रतिभागियों को चयन प्रक्रिया के हर चरण में भाग लेना अनिवार्य होगा।

---

## 4. प्रतिभागी क्या सीखेंगे?

### 📚 बच्चों को पाठक के रूप में समझना

- अलग-अलग आयु और संदर्भों में बच्चे कहानियों से कैसे जुड़ते हैं
- पढ़ने को केवल “कौशल” के रूप में देखने से आगे बढ़ना

---

### 🧠 पढ़ने के अनुभव तैयार करना

- दिलचस्प और संवादात्मक रीड-अलाउड करना
- ऐसे सवाल पूछना जो सोच को बढ़ाएँ (न कि जिज्ञासा खत्म करें)

Reading Keeda Library

- बच्चों को बोलने, सोचने और जुड़ने का मौका देना (चर्चा और अभिव्यक्ति )

---

### 🏡 पुस्तकालय को जीवंत बनाना

- बच्चों के पुस्तकालय शुरू करना या बेहतर बनाना
- सही और विविध किताबों का चयन
- पुस्तकालय को एक सक्रिय सीखने की जगह बनाना

---

### 🔁 अभ्यास और समझ

- क्या काम कर रहा है और क्या नहीं—इस पर विचार करना
- साथियों के अनुभवों से सीखना

---

## 5. कार्यक्रम की रूपरेखा

अवधि: लगभग 9 महीने

### 🏠 रहिवासी कार्यशाला (नागपुर)

- दो 4-दिवसीय वर्कशॉप्स
  - पहली: अगस्त (संभावित 6–9 अगस्त)
  - दूसरी: नवंबर (तिथियाँ पहले कार्यशाला में तय होंगी)
- पढ़ने की प्रक्रियाओं, किताबों और पुस्तकालयों पर गहराई से काम
- अभ्यास आधारित, चर्चा-प्रधान और अनुभव आधारित सीख

---

### 🔄 निरंतर मार्गदर्शन (ऑनलाइन)

- मासिक ऑनलाइन सपोर्ट कॉल्स
- नियमित फीडबैक और मार्गदर्शन

---

### 🚶 फील्ड विज़िट (प्रतिभागी संस्थाओं में)

- वास्तविक पुस्तकालय और पढ़ने की प्रक्रियाओं को देखना
- विभिन्न संदर्भों से सीखना
- ज़मीनी चुनौतियों को समझना और हल निकालना

Reading Keeda Library

## 6. अपेक्षित परिणाम

कार्यक्रम के अंत तक प्रतिभागी:

- बच्चों के लिए अर्थपूर्ण और रोचक पढ़ने के सत्र कर पाएंगे
- प्रभावी पुस्तकालय स्थापित या मजबूत कर पाएंगे
- विविध और उपयोगी किताबों का चयन और उपयोग कर पाएंगे
- अपने काम में आनंद के लिए पढ़ने को शामिल कर पाएंगे
- अपने संदर्भ में पढ़ने की संस्कृति विकसित करने में योगदान देंगे

---

## 7. शुल्क

- प्रति प्रतिभागी शुल्क: ₹200 से ₹2000 (संदर्भ के अनुसार)
- शुल्क जमा होने के बाद वापस नहीं किया जाएगा

---

## 8. आवेदन कैसे करें

गूगल फ़ॉर्म लिंक पर क्लिक करें, विवरण भरें और सबमिट करें।
फॉर्म भरने की अंतिम तिथि: २६ अप्रैल है।

आवेदन लिंक:
https://forms.gle/oYQUDFMQrw7fzmvy9

- प्रत्येक संस्था 2 से 4 प्रतिभागियों को नामांकित कर सकती है
- आवेदन के बाद प्रतिभागियों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा

यदि आपको गूगल फ़ॉर्म भरने में कठिनाई हो:
📞 8446163002 (अदिति), 9096452663 (पल्लवी)
🕚 सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक
📧 readingkeedalibrary@gmail.com

---

## 9. प्रमाणपत्र

जो प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, सभी आवश्यक कार्य पूरे करेंगे और अपने सीख को लागू करेंगे, उन्हें प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

Reading Keeda Library

## 10. संपर्क

किसी भी प्रश्न के लिए:

📞 8446163002 (अदिति), 9096452663 (पल्लवी)
🕚 समय: सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक
📧 readingkeedalibrary@gmail.com

Reading Keeda Library